प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,

आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 23.04.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले कानपुर के शुभम द्विवेदी का पार्थिव शरीर आज देर रात पहुंचेगा घर : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुभम के पिता से फोन पर बात कर व्यक्त कीं संवेदनाएं।**
2. **पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद प्रदेश में हाई अलर्ट : घटना के विरोध में कई जनपदों में हुए प्रदर्शन, मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि।**
3. **जम्मू कश्मीर की घटना के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 24 अप्रैल को प्रस्तावित कानपुर दौरा रद्द।**

**और**

4. **अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस ने परिवार संग आज ताजमहल का किया दीदार : आतंकी हमले की निंदा करते हुए भारत को हर संभव सहायता का दिलाया भरोसा।**

————————

**गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद आज घटना स्थल का दौरा किया। कल दोपहर हुए इस हमले में जान गंवाने वाले 26 सैलानियों में कानपुर के शुभम द्विवेदी भी शामिल थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस दुखद घटना पर गहरा दुख जताते हुए शुभम के पिता संजय द्विवेदी से आज फोन**

पर बात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। श्री योगी ने प्रदेश के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शुभम द्विवेदी के पार्थिव शरीर को पूरे सम्मान के साथ उनके गृह जनपद कानपुर पहुंचाया जाए। उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना आज कानपुर में शुभम द्विवेदी के पैतृक आवास पहुंचे और उनके परिवार से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि शुभम का पार्थिव शरीर आज देर रात कानपुर पहुंचेगा। बाइट.....

*आज लेट नाइट तक बॉडी पहुँच जाएगी अभी तक की जो सूचना है और दिल्ली पहुँचने के बाद इस बात को एक्सप्लोर किया जाएगा की कानपुर में नाइट लैंडिंग की फैसिलिटी होगी तो दिल्ली से पहुँचने के बाद वो कानपुर आएँगे अगर नहीं होगी तो लखनऊ लाया जाएगा और उसके बाद कल सवेरे जो परिवार का सामूहिक रूप से बैठकर विचार विमर्श हुआ है फाइनल जिस समय उस बच्चे के पिता श्री संजय जी आ जाएँगे तो निर्णय किया जाएगा लेकिन अभी तक के हिसाब से कल सवेरे सात बजे उसके अंतिम संस्कार के लिए उनके गाँव यहाँ पर हाथीपुर महाराजपुर से उठे।*

————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई राजनीतिक दलों के प्रमुख नेताओं ने इस आतंकी हमले की कडो भर्त्सना की है। राष्ट्रपति ने कहा कि यह हमला अमानवीय कृत्य है। राष्ट्रपति ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इस जघन्य कृत्य के आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा। सभी दलों के नेताओं ने आतंकी हमले की कड़ी निंदा की

है। केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने आज महाराजगंज में पहलगाम में हुई घटना को कायरतापूर्ण और अत्यंत निंदनीय करार दिया। उधर, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने इस हमले को आतंकियों की कायराना हरकत बताया और कहा कि सरकार सभी दुखी परिवारों के साथ है। बाइट...

*बहुत ही दुखद घटना है कायराना हरकत है आतंकियों के हम सब दुखी परिवारों के साथ है और इसमें ऐसी कारवाई होगी की उनके आकाओं की पुस्त याद करेंगे।*

इस्लामिक सेंटर आफ इंडिया के चेयरमैन और मुस्लिम धर्मगुरू मौलाना खालिदरशीद फिरंगी महली ने केन्द्र सरकार से इस हमले के जिम्मेदार आतंकियों को कड़ी से कड़ी सजा दिए जाने की मांग की है।

————————

जम्मू—कश्मीर सरकार ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों के परिजनों को दस—दस लाख रुपए और गंभीर रूप से घायलों को दो लाख रुपए, वहीं मामूली घायलों को एक लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। जम्मू—कश्मीर से पर्यटकों को वापस उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिये श्रीनगर से दिल्ली और मुंबई के लिए चार विशेष उड़ानों की व्यवस्था की गई है। आवश्यता पड़ने पर पर्यटकों के लिए अतिरिक्त उड़ानों को भी स्टैंडबाय पर रखा गया है।

---

जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में कल हुए आतंकी हमले के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा गया है। प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने राज्य के सभी पुलिस अधिकारियों को सतर्कता बरतने और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। पेश है एक रिपोर्ट.....

*डीजीपी ने सभी कमिश्नरेट और जिलों के कप्तानों को संदिग्धों पर नजर रखने के निर्देश दिए हैं। आतंकी हमले के मद्देनजर उत्तर प्रदेश में नेपाल से सटी अंतरराष्ट्रीय सीमा और सभी जिलों के बस स्टेशनों व रेलवे स्टेशनों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। राजधानी लखनऊ में एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। जांच एजेंसी भी अपने स्तर से अलर्ट मोड पर है और गतिविधियों पर नजर रख रही हैं। सोशल मीडिया पर भी निगरानी की जा रही हैं। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेंद्र त्रिपाठी।*

---

पहलगाम में कल हुए आतंकी हमले को लेकर प्रदेश भर में आज विरोध प्रदर्शन हो रहा है। जगह जगह लोगों ने हमले के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया और मृतकों को श्रद्धांजलि दी। लखनऊ में विश्व हिंदू रक्षा परिषद के सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन किया। वाराणसो में विशाल भारत संस्थान एवं मुस्लिम महिला फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में मार्च निकाला गया और जौनपुर में भी सैकड़ों लोगों ने प्रदर्शन किया। अमरोहा में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं और व्यापारियों ने आतंकवाद का पुतला जलाया। वहीं इटावा में भी मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शाहजहांपुर में

सेंट्रल बार एसोशिएशन के सैकड़ों पदाधिकारियों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। हापुड़ में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मथुरा में साधु संतों ने विरोध प्रदर्शन किया और मृतकों को श्रद्धांजलि दी।

————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————————

पहलगाम आतंकी हमले के चलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 अप्रैल को कानपुर का प्रस्तावित दौरा रद्द कर दिया है। उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने आज कानपुर में जानकारी देते हुए बताया कि शोक संवेदना के चलते प्रधानमंत्री ने यह निर्णय लिया है। बाइट.....

*देश के माननीय प्रधानमंत्री जी का जो कल कानपुर का दौरा था उन्होंने निरस्त कर दिया है। प्रधानमंत्री कार्यालय के द्वारा सूचना दी गई है की ऐसे अवसर के ऊपर जिस समय पूरा देश दुखी है ऐसे अवसर पर*

*कानपुर महानगर में आकर किसी भी प्रकार के विकास की या अन्य संबंधित गुणगान करना सर्वथा अनुचित है। तो इस प्रकार का संदेश माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा दिया गया की वो नहीं आ रहे।*

इससे पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जम्मू–कश्मीर में आतंकी हमले के बाद सऊदी अरब यात्रा बीच में ही छोड़कर आज सुबह नई दिल्ली पहुंच गए थे।

————————

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने आज आगरा में पहलगाम में हुए आतंको हमले की निंदा करते हुए शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने बताया कि इस हमले को लेकर राष्ट्रपति ट्रम्प ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बातचीत की है। उन्होंने भारत को हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया।

————————

अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस ने परिवार के साथ आज आगरा में ताजमहल का दीदार किया। इस दौरान उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड वेन्स ने अपनी पत्नी और बच्चों के साथ डायना बेंच पर फोटो सेशन भी कराया। अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने विजिटर डायरी में लिखा कि ताजमहल अद्भुत है। यह सच्चे प्यार का प्रमाण है। पेश है एक रिपोर्ट.....

*पहली बार भारत यात्रा पर आए अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस को राज्य अतिथि का दर्जा दिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं आगरा एयरफोर्स स्टेशन के टेक्निकल एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। अमेरिकी उपराष्ट्रपति के आगरा दौरे को लेकर एयरपोर्ट से ताजमहल तक*

*शहर को दुल्हन की तरह सजाया और संवारा गया। सड़क किनारे अमेरिका और भारत के राष्ट्रीय ध्वज लगाए गए। ताज़ दीदार के दौरान उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड वेन्स, उनकी पत्नी और बच्चों को गाइड ने ताजमहल के इतिहास और उसकी पच्चीकारी के बारे में जानकारी दी। करीब एक घंटे तक ताजमहल में समय गुजारने के दौरान उपराष्ट्रपति ने ताज की प्रशंसा की। इस दौरान आम पर्यटकों के लिए दोपहर 12 बजे तक ताजमहल बंद रहा । वहीं शहर के सभी स्कूल भी बंद रहे। सज्जन सागर, आकाशवाणी समाचार आगरा।*

—————

**मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक प्रदेश के कई इलाकों में लू चलने का यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं 27 अप्रैल को प्रदेश के पूर्वी इलाको में गरज चमक के साथ बारिश का अनुमान जताया गया है। शामली और पीलीभीत में गर्मी के चलते आठवीं कक्षा के विद्यालयों के समय में बदलाव किया गया है।**

—————

**आईपीएल 2025 में आज हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियंस के बीच मैच हो रहा है। मैंच में सभी खिलाड़ी और अंपायर पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए काली पट्टी बांधकर मैदान में उतरे हैं।**

**(समाप्त)**